संक्षिप्त

अंतरराष्ट्रीय विचित्र संगीत दिवस मनाया

मनोहरपुर । क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भामाशाह, समाजसेवी मोहन कुड़ी ने कहा कि 24 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय विचित्र संगीत दिवस मनाया जा रहा है। भामाशाह मोहन कुड़ी ने कहा कि ''संगीत आत्मा की भाषा है। विचित्र संगीत दिवस हमें यह सिखाता है कि हर आवाज में संगीत है। हमें हमारी विलुप्त हो रही लोक संगीत कला को बचाना होगा।''कुड़ी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संगीत की ओर भाग रही है, ऐसे में ऐसे दिवस मनाने से हमारी लोक कला और लोक कलाकारों को नया मंच मिलता है। लोगों ने कहा कि भामाशाह मोहन कुड़ी हमेशा ही कला, संस्कृति, शिक्षा और गौ सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उनके द्वारा कला और कलाकारों के सम्मान में किया गया यह कार्य पूरे जिले में सराहनीय बताया जा रहा है। कुड़ी ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में कई कार्यक्रम होते है जिनमें स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा राजस्थानी पारंपरिक वाद्य यंत्रों – मोरचंग, खड़ताल, अलगोजा, भपंग और रावणहत्था जैसे विचित्र व दुर्लभ वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह रहे है।

ईद मिलादुन्नबी पर पुष्पेंद्र चौधरी सम्मानित होंगे

मनोहरपुर। जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मनोहरपुर के सहायक अभियंता पुष्पेंद्र चौधरी को इस साल जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मुस्लिम समाज के प्रबुद्धजनों ने बताया कि चौधरी की कार्यशैली, ईमानदारी और मेहनत को देखते हुए उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया गया है।उपभोक्ताओं को तुरंत राहत देना उनकी पहली प्राथमिकता है। कोई भी उपभोक्ता परेशान न हो, इसके लिए उन्होंने कार्यालय में टाइप करवाकर एप्लीकेशन के प्रारूप तक लगवा रखे हैं।

रैगर महासभा जिला स्तरीय बैठक कल

निवाई। अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में माण्डकला नगरफोर्ट में 26 अगस्त को दोपहर 12 बजे महासभा के अध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित होगी। जिसमें महासभा के महामंत्री रामभज वर्मा ने बताया कि बैठक में माण्डकलां धर्मशाला के शिलान्यास समारोह को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्य व्यवस्था समितियों का गठन करके कार्यकर्ताओं जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। एवं निर्माण कार्य का टेण्डर देने सहित समाज सुधार के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम ज्योति कुमारी (Jyoti Kumari) से बदलकर ज्योति बेदी (Jyoti Bedi) पत्नी श्री मुकेश कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे नए नाम से जाना पहचाना जावे R/o 2/371 मालवीय नगर जयपुर-302017

मैंने अपना नाम उदय कुमार बेदी (Uday Kumar Bedi) से बदलकर उदय बेदी (Uday Bedi) पुत्र श्री मुकेश कुमार रख लिया है, भविष्य में मुझे नए नाम से जाना पहचाना जावे, R/o 2/371 मालवीय नगर जयपुर-302017

खोया पाया

मेरे प्लॉट नं 30/1075 मालवीय नगर जयपुर का ओरिजनल डिक्लेरेशन लेटर, अदेय प्रमाण पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। राजेश झालानी 9928001459

प्लाट नं. 257/24 सेक्टर-3 जे.डी.ए. की योजना विद्याधर नगर जयपुर का जे.डी.ए. से जारी मूल आवंटन-पत्र और कब्ज़ा पत्र कही गुम हो गए है सूचित करे- जया सक्सेना मो. 9829628377

निजी खातेदारी की योजना राजधानी मेट्रोपोलिस प्लॉट नंबर डी-38 का मूल ओरिजिनल JDA पट्टा गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें दिनेश स्वामी 9929112122

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

निवाई में कार्यकर्ताओं ने पूरे 40 वार्डों में भाजपा को जिताने का संकल्प लिया

निवाई में भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

निवाई। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में भाजपा कार्यालय जाट धर्मशाला में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद कार्यकर्ताओं ने पूरे 40 वार्डों में भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता विधायक रामसहाय वर्मा ने टिकट वितरण को लेकर कहा कि नगर पालिका चुनाव में पार्टी के जिताऊ व टिकाऊ उम्मीदवार को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड से कई निष्ठावान दावेदार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं, किंतु नियमानुसार पार्टी प्रत्येक वार्ड से केवल एक ही योग्य कार्यकर्ता को टिकट देगी। जिसको पार्टी प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारे, सभी को एकजुट होकर उसे जिताना है।

पालिका के निवर्तमान अध्या दिलीप इसरानी ने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में राजस्थान में डबल इंजन की सरकार पूर्ण गति से

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद अतिथि।

कार्य कर रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में चौतरफा विकास कार्य धरातल पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

पालिका चुनाव प्रभारी मनोज चौधरी ने कहा कि शहर के समग्र और तीव्र विकास के लिए नगर पालिका के सभी 40 वार्डों में भारी बहुमत के साथ भाजपा के पूरे 40 पार्षदों को जीताना है एवं सरकार में एक और इंजन जोडऩा है। निवर्तमान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने सभी से एकजुट होकर कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी मनोज चौधरी, दिनेश दादिया, पीपलू प्रभारी केदार मीना, चुनाव संयोजक ओमप्रकाश गुप्ता, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामावतार शर्मा, शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा, शहर महामंत्री जयनारायण

- **सम्मेलन में मुख्य वक्ता विधायक रामसहाय वर्मा ने टिकट वितरण को लेकर कहा कि नगर पालिका चुनाव में पार्टी के जिताऊ व टिकाऊ उम्मीदवार को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा**
- **निवर्तमान जिला प्रमुख सरोज बंसल ने सभी से एकजुट होकर कमल खिलाने का संकल्प दिलाया**

कुमावत, परसराम कुमावत, अंकुर गुप्ता व डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी सहित सभी वार्डों के प्रभारी एवं संभावित उम्मीदवार व सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

टीना शर्मा जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी नियुक्त

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आगामी नगर निकाय चुनावों को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को गति देते हुए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव समन्वयकों एवं प्रभारियों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव टीना शर्मा को जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है।टीना शर्मा की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने खुशी व्यक्त करते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके संगठनात्मक अनुभव एवं सक्रिय कार्यशैली से जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलेगी। टीना शर्मा ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश नेतृत्व एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगी।

प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं – कुम्भाराम चौधरी

निवाई। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई ने एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। सीबीएसई वेस्ट जोन योगासन प्रतियोगिता का चमेली देवी अग्रवाल ग्रुप इंजीनियरिंग एंड इंस्टिट्यूट टेक्नोलॉजी इंदौर मध्य प्रदेश में आयोजन हुआ जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश व गुजरात की कई टीमों ने भाग लिया। जिसमें मॉडल विद्यालय की होनहार छात्रा प्रतिष्ठा कुमावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल लेवल के लिए चयनित होकर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। प्रतिष्ठा ने वेस्ट जोन प्रतियोगिता में योग के विभिन्न कठिन आसनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायकों का दिल जीता। उसके अनुशासन, निरंतर अभ्यास और लगन की सभी ने सराहना की। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि छात्रा प्रतिष्ठा कुमावत ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। यह चयन पूरे निवाई क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि वह नेशनल में भी गोल्ड मेडल लाकर राजस्थान का नाम रोशन करेगी। विद्यालय पहुंचने पर विजेता टीम मोनिका चौधरी, कृतिका जोशी, प्रतिष्ठा कुमावत एवं टीम प्रभारी कुंती शर्मा, शारीरिक शिक्षिका का तिलक लगाकर माला पहनाकर सम्मानित करके बधाई दी गई।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांकः3401 जाहिर आम-सूचना दिनांकः21.08.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 52/596 (GF) (MIG-B) का आवंटन श्री अजीत राम पुत्र श्री सरीया राम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2088 दिनांक 18-03-1999 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 20.08.2002 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री अजीत राम की मृत्यु दिनांक 07.10.2025 को हो जाने के कारण उनके पुत्र 1. श्री दीपक कुमार पुत्र स्व. श्री अजीत राम एवं 2. श्री संजीव कुमार पुत्र स्व. श्री अजीत राम द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र एवं आश्यक प्रपत्रों के आधार पर मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है । अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, 1. श्री दीपक कुमार पुत्र स्व. श्री अजीत राम एवं 2. श्री संजीव कुमार पुत्र स्व. श्री अजीत राम का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय

सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्य श्री राजेन्द्र पान्डया पुत्र श्री गुलाब चन्द पान्डया, निवासी मकान नंबर 761, पान्डया कॉम्प्लेक्स, मनिहारों का रास्ता, किशनपोल बाज़ार, जयपुर के पुत्र निहित पान्डया उनके कहने में नही है, इस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र से समस्त रिश्ते नाते तोड कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है तथा अब मेरे अभिभाष्य के पुत्र का मेरे अभिभाष्य से या उनकी सम्पति से किसी प्रकार का कोई सम्बंध आज के बाद नही रहेगा, यदि फिर भी कोई भी व्यक्ति मेरे अभिभाष्य के पुत्र निहित पान्डया से मेरे अभिभाष्य की चल-अचल सम्पति के सम्बंध में या किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार या लेन-देन करता है, तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। भवदीय,

दिनेश कुमार वर्मा एडवोकेट 9462067800

स्पा सेंटर में पुलिस की दबिश

जयपुर। आदर्श नगर इलाके में पुलिस ने स्पा सेंटरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को कार्रवाई करते हुए 'नमस्ते थाई स्पा सेंटर' पर छापा मारा। जयपुर पूर्व जिला विशेष टीम (डीएसटी) और आदर्श नगर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आयुक्तालय की गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर चार युवतियों और चार पुरुषों सहित आठ जनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि स्पा सेंटरों की आड़ में होने वाली अनियमितताओं और अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्पा संचालकों को पूर्व में पुलिस की गाइडलाइन की पालना के संबंध में निर्देश और चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी मिलने पर कार्रवाई की गई। थानाधिकारी छगन लाल ने बताया कि स्पा सेंटरों की नियमित जांच आगे भी जारी रहेगी और गाइडलाइन का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीग में नाकाबंदी में 962 वाहनों की सघन जांच

447 के खिलाफ एमवी एक्ट में कार्रवाई

डीग । अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए डीग जिला पुलिस ने शनिवार रात जिलेभर में 'ए' श्रेणी की विशेष नाकाबंदी कर अपराधियों के साथ यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसा। जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले के निर्देशन में शाम 7 से रात 11 बजे तक चले अभियान में 13 नाकाबंदी पॉइंट पर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच की गई।

नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 522 दुपहिया और 440 चौपहिया सहित कुल 962 वाहनों को रोककर उनकी तलाशी एवं दस्तावेजों की जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 447 वाहनों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाने वाले 3 चालकों, बिना

पुलिस ने अपराधियों के साथ यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर शिकंजा कसा।

हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले 185 चालकों तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले 16 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। निर्धारित पैटर्न से अलग, अस्पष्ट अथवा बिना नंबर प्लेट वाले 8 वाहनों तथा काली फिल्म लगे 20 वाहनों पर भी कार्रवाई हुई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले 3 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि अन्य एमवी एक्ट के तहत 182 मामलों में कार्रवाई की गई।

- **185 बिना हेलमेट, 20 काली फिल्म और 16 बिना सीट बेल्ट वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई, 6 जने गिरफ्तार**

नाकाबंदी को केवल यातायात नियमों की जांच तक सीमित नहीं रखा गया। पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों और अवैध गतिविधियों पर भी निगरानी रखते हुए कार्रवाई की। अभियान के दौरान धारा 170 बीएनएस के तहत 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक शरण गोपीनाथ कांबले ने कहा कि जिले में आमजन की सुरक्षा और अपराधमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है।

'अधिक से अधिक युवाओं को चुनाव लड़ने का अवसर दिया जाएं'

टोंक। सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस ने पंचायत टास्क फोर्स कार्यशाला अभियान के तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें राष्ट्रीय महासचिव शेष नारायण ओझा ने आगामी नगर निकाय और पंचायतराज चुनावों में ज्यादा युवाओं को चुनाव लड़ने का मौका देने की बात कही।

उन्होंने बताया कि टिकट के लिए युवाओं की वार्ड में पकड़, जनहित के काम और पार्टी के प्रति वफादारी देखी जाएगी, कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोर्डिनेटर हरिराम सूद समेत कांग्रेस और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शेष नारायण ओझा ने कहा कि आगामी नगर निकाय और पंचायतराज चुनावों में अधिक से

टोंक में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित हुई।

अधिक युवाओं को चुनाव लड़ने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को टिकट देते समय उनकी वार्ड में पकड़, जनहित के काम और पार्टी के प्रति वफादारी देखी जाएगी। कांग्रेस युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ने और नेतृत्व करने के ज्यादा मौके देने की दिशा में काम कर रही है।इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज गुंजल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस और युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अलवर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग हेतु निषेधाज्ञा जारी

अलवर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्टेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1963 की धारा 5 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए अलवर जिले में सम्पूर्ण नगरीय निकाय क्षेत्र में कोलाहल नियंत्रण हेतु समस्त प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग हेतु निषेधाज्ञा जारी की है। आदेशानुसार किसी भी प्रकार के वाहनों पर लगाये गये लाउड स्पीकरों के उपयोग की अनुमति प्रातः 6 बजे से पूर्व तथा रात्रि 10 बजे के बाद नहीं दी जावेगी। अभ्यर्थी द्वारा चुनाव प्रचार के लिए स्थापित चुनाव कार्यालय पर लाउड स्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मतदान समाप्ति से पूर्व 48 घण्टे की अवधि में लाउड स्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अस्पताल, स्कूल, धार्मिक स्थल से 100 मीटर की परिधि में लाउड स्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। लाउड स्पीकर लगाकर प्रचार के उपयोग में लिये जाने वाले वाहनों की भी सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करनी होगी तथा खर्चे का संधारण निर्धारित रजिस्टर एवं प्रपत्र में किया जाकर चुनाव खर्च में दर्शाना होगा। उक्त अवधि में किसी सार्वजनिक सभा अथवा जुलूस के लिये पूर्ण रूप से स्थिर किसी लाउड स्पीकर का प्रयोग किये जाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अलवर एवं संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी।

करूर वैश्य बैंक KVB
बैंकिंग का स्मार्ट तरीका

पी-5/2, ग्राउंड फ्लोर, दुकान नंबर 1-2-3, दुर्गा बिजनेस सेंटर, एम.आई रोड, होटल गणगौर के सामने, पिंक सिटी पेट्रोल पंप के पास, जयपुर, राजस्थान, 302001
फ़ोन नंबर 0141-2373304, 2372204
ईमेल:jaipur@kvbmail.com

सेफ डिपॉजिट लॉकर तोड़ने की सार्वजनिक सूचना

नीचे दिए गए किराएदारों ने जयपुर ब्रांच से सेफ डिपॉजिट लॉकर की सुविधा ली है और द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के बार-बार नोटिस देने के बावजूद, तय समय में इसे रिन्यू नहीं किया है। क्योंकि किराएदारों ने लॉकर का किराया नहीं दिया है, इसलिए हमें 29/08/2026 को सुबह 11:00 बजे संबंधित ब्रांच परिसर में उस लॉकर को तोड़ना पड़ रहा है।
यह पब्लिक नोटिस, अगर लागू हो, तो किराएदारों/किराएदारों के कानूनी वारिसों के लिए है।
इसके अलावा, करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पहले से सूचना के ब्रेक ओपनिंग डेट बदलने का अधिकार है।

क्र.सं.	शाखा का नाम	किराएदार का नाम	लॉकर नं.	देय राशि (रू.)
1	जयपुर	श्री नितिन कुमार रेला और श्रीमती लक्ष्मी देवी	4501005D015	17700

दिनांकः 25.08.2026
जगहः जयपुर

अधिकृत अधिकारी
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

हथियार जमा कराने से लेकर सभा-जुलूस तक प्रतिबंध

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इसके साथ ही लाइसेंसशुदा हथियार थानों में जमा कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियारों का प्रदर्शन और मोटी लाठी लेकर चलने पर भी रोक रहेगी। रिवॉल्वर, पिस्टल, बंदूक, तलवार, भाला, कृपाण, चाकू, छुरी, कटार, धारिया सहित अन्य हथियारों पर प्रतिबंध रहेगा। लाइसेंसधारियों को हथियार और कारतूस नजदीकी थाने में जमा कराने होंगे।

शाहपुरा में निकाय चुनावों को लेकर भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग आयोजित

एकजुटता से चुनाव लड़ने का संकल्प लिया

शाहपुरा। राजस्थान निकाय चुनाव 2026 के तहत जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सोमवार को अलीला फोर्ट रिसॉर्ट बिशनगढ़ में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर निकाय चुनावों को लेकर भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग आयोजित हुई। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह ने भाजपा कोर कमिटी के उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा पार्टी सुसंस्कारित, सुसंगठित एवं अनुशासित राजनीतिक पार्टी है जो की सभी व्यक्ति, वर्ग, समुदाय को साथ लेकर आगे बढ़ने वाली पार्टी है तथा आगामी निकाय चुनाव में हमें भाजपा पार्टी के मौलिक सिद्धांतों एवं क्रियाकलापों को साथ लेकर एकजुटता से चुनाव लड़ते हुए सभी निकाय में बड़ी

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में चुनावों को लेकर भाजपा कोर कमेटी की मीटिंग आयोजित हुई।

जीत के साथ बीजेपी का बोर्ड बनाना है,

इस अवसर पर कमिटी द्वारा शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में निकाय चुनाव की रणनीति बनाते हुए उपस्थित सदस्यों को अपनी अपनी जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह, जयपुर संभाग प्रभारी शंकर सिंह राजपुरोहित, जितेन्द्र शर्मा, सुरेश बादलीवाल, विमल कटियार, आशीष चोपडा, आलोक बेनीवाल, उपेन यादव, जगमोहन शर्मा, हनुमान गुर्जर, नगर परिषद शाहपुरा सह पर्यवेक्षक बाबूलाल मीणा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति सेवर

क्रमांकः 71 दिनांकः- 20/08/26

खुली ई-निविदा संख्या 08-32/2026-27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति सेवर के परिक्षेत्राधीन 25 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2026-27 घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु अनुभवी इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रोक्यूरमेंन्टप्रक्रिया से वेबसाईट www.spp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर 21.08.2026 से 31.08.2026 तक देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No. ZBH2627A0408-09

1	मूढौता	ZBH2627WSOB00665	14	इकरन	ZBH2627WSOB00663
2	फुलवारा	ZBH2627WSOB00660	15	माढौनी	ZBH2627WSOB00670
3	बांसीखुर्द	ZBH2627WSOB00657	16	सुनारी	ZBH2627WSOB00666
4	झारौली	ZBH2627WSOB00664	17	घुरथ्यारी	ZBH2627WSOB00676
5	लुधावई	ZBH2627WSOB00669	18	पार	ZBH2627WSOB00668
6	बिलौठी	ZBH2627WSOB00671	19	हथैनी	ZBH2627WSOB00662
7	जाटौली रथभान	ZBH2627WSOB00678	20	कुम्हॉ	ZBH2627WSOB00673
8	जघीना	ZBH2627WSOB00677	21	महुआ	ZBH2627WSOB00680
9	ऊँदरा	ZBH2627WSOB00667	22	रूँध इकरन	ZBH2627WSOB00681
10	चिकसाना	ZBH2627WSOB00658	23	खैमरा	ZBH2627WSOB00672
11	बहनेरा	ZBH2627WSOB00674	24	गोवडी	ZBH2627WSOB00661
12	पीपला	ZBH2627WSOB00679	25	धौरमुई	ZBH2627WSOB00659
13	मोराली कलां	ZBH2627WSOB00675	26	पं.सं. सेवर	-

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सेवर